प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 29.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन में बांग्लादेशी घुसपैठ और पाकुड़ पिटाई के मुद्दे पर हंगामा, पहली पाली में सदन की कार्यवाही हुई बाधित।

2- वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में चार हजार आठ सौ 33 करोड़ 39 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया, सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित।

3- सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका किया खारिज, झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार ।

4- मौसम विभाग ने आज से एक अगस्त तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ भारी बारिश, वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल में संथाल घुसपैठ और पाकुड़ में छात्रों की पिटाई के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही की हंगामे के साथ शुरूआत हुई। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को सदन में उठाया साथ ही पाकुड़ में हुई लाठीचार्ज की घटना पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

नेता प्रतिपक्ष के प्रश्न के जवाब में प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ को चुनावी मुद्दा बनाना चाह रही हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सुदिव्य सोनू ने भाजपा पर झारखंड को बांटने की कोशिश का आरोप लगाया

इस मुद्दे पर हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही पहली पाली में साढ़े 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी। कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर बीजेपी के विधायकों ने बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज के मुद्दे पर प्रदर्शन किया जबकि लोकसभा में सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर झामुमो ने विरोध जताया।

****

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में चार हजार आठ सौ 33 करोड़ 39 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। वहीं सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

****

वन विभाग में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने बड़े पैमाने पर वेकैंसी निकाली है। नियुक्ति की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। जेपीएससी ने वन क्षेत्र पदाधिकारी के 170 पद और सहायक वन संरक्षक के 78 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों पदों के लिए 29 जुलाई से 10 अगस्त तक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी और सहायक वन संरक्षक के पद के लिए 18 अगस्त को प्रारंभिक परीक्षा ली जाएगी। वन क्षेत्र पदाधिकारी की परीक्षा सुबह दस बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, सहायक वन संरक्षक की परीक्षा दोपहर दो बजे से चार बजे तक आयोजित की जाएगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका को खारिज कर दिया है और झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है।

****

सावन की दूसरी सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में जलार्पण के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में सावन की दूसरी सोमवारी को भक्तों की भीड़ उमड़ी है। पूरा मेला क्षेत्र और मंदिर प्रांगण बोल बम के जय घोष से गुंजायमान है। कांवरिया कतार व्यवस्था के तहत बाबा फौजदारीनाथ पर जल अर्पण कर रहे हैं। उपविकास आयुक्त आशीष सिन्हा ने कहा कि प्रशासन सभी भक्तों को सुगमता से जलार्पण का अवसर सुलभ कराने के लिए पूरी तरह तत्पर और प्रतिबद्ध है।

इधर देवघर के बाबा मंदिर में सुबह चार बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। कांवरियों को बाबा मंदिर के गर्भ गृह में लगे अर्घा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कोडरमा में भी विभिन्न शिववालयो में शिव भक्तों का तांता लगा है।

****

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के कारण रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन आज से परिवर्तित मार्ग से चलेगी। आज से यह रेल चार अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग चांडिल –पुरुलिया–कोटशिला– मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल– गुंडा बिहार –मूरी होकर चलेगी

****

जामताड़ा जिला सड़क सुरक्षा टीम की ओर से स्थानीय पुलिस की मदद से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

****

आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए एक वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व वन्यजीव कोष के अनुसार भारत में बाघों की आबादी वर्तमान में स्थिर है और बढ़ रही है। भारत में वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर द्वारा बाघ अभयारण्य स्थापित किए गए थे। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। विश्व के 80 प्रतिशत बाघ भारत में मौजूद हैं।

****

मौसम विभाग ने आज से चार दिनों तक राज्य में तेज हवा के साथ भारी बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम केन्द्र ने एक अगस्त तक प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों मे भारी बारिश होने की संभावना जताई है

******समाप्त********